Roll No. ....

Total No. of Pages : 6

Total No. of Questions : 13

पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड

विषय कोड : 616

सामान्य हिंदी

Paper V

समय : 1½ घण्टे **पूर्णांक : 50**

निर्देश :— (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है । प्रश्न क्र. 1 से 4 तक **दस** अंक निर्धारित हैं ।

(3) प्रश्न क्र. 5 से 9 तक प्रत्येक प्रश्न हेतु 3 अंक निर्धारित हैं । शब्द-सीमा 50 से 75 शब्द ।

(4) प्रश्न क्र. 10 व 11 प्रत्येक प्रश्न हेतु 5 अंक निर्धारित हैं ।

(5) प्रश्न क्र. 12 हेतु 5 अंक निर्धारित हैं ।

(6) प्रश्न क्र. 13 हेतु 10 अंक [(अ) 7 + (ब) 3 = 10 अंक] निर्धारित हैं ।

(7) स्वच्छ अक्षरों में उत्तर लिखिये ।

1. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 4

(1) दुष्यंत कुमार को .... से लोकप्रियता मिली ।

(गजल/कविता)

(2) 'तुम्हारी विरासत' .... कविता है ।

(आशावादी/आस्थावादी)

(3) गीता में कुल .... श्लोक हैं ।

(सात सौ/नौ सौ)

(4) .... मन मोहनी प्रकृति की गोद में बसा है ।

(नेपाल/भारत)

2. प्रत्येक का **एक** शब्द में उत्तर दीजिए : 2

(1) बालकृष्ण भट्ट किस युग के नाटककार हैं ?

(2) आत्मकथा में किसके जीवन सम्बन्धी तथ्यों को प्रस्तुत किया जाता है ?

3. सत्य/असत्य लिखिए : 2

(1) योगी अरविन्द की समाधि पांडिचेरी में है ।

(2) 'मजदूरी और प्रेम' निबन्ध के अनुसार सच्चा आनंद श्रम से प्राप्त होता है ।

4. बहु-विकल्पीय प्रश्न : सही उत्तर चुनकर लिखिए : 2

(1) दोनों पद प्रधान होते हैं :

(अ) द्वन्द्व समास में

(ब) द्विगु समास में

(स) कर्मधारय में

(ग) बहुव्रीहि समास में

(2) 'सायं' शब्द का तद्भव है :

(अ) सांध

(ब) शर्वरी

(स) शाम

(ग) संध्या

5. भारत के प्राकृतिक सौंदर्य को कवि ने स्वर्ग के सदृश्य क्यों कहा है ? 3

अथवा

"तुम वही दीपक बनोगे" कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिये ।

6. पृथ्वी और नारी को क्षमाशील क्यों कहा गया है ? 3

अथवा

'एक चिनगारी कहीं से ढूढ़ लाओ दोस्तो' कवि ने इस पंक्ति में कौनसा भाव व्यक्त किया है ?

7. 'उपन्यास' विधा का संक्षिप्त परिचय देते हुए प्रेमचन्द के **दो** उपन्यासों के नाम लिखिए । 3

अथवा

रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ? इस विधा के **दो** लेखकों के नाम लिखिए । रिपोर्ताज का क्या आशय है ?

8. (अ) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए : 1

(1) स्वेच्छा

(2) महात्मा

(ब) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके लिखिए : 1

भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या वृद्धि के कारण बताइए ।

अथवा

महादेवी वर्मा वेदना की कवि थीं ।

(स) पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए । 1

9. निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 3

''पर्वतों को काट-कर सड़कें बना देते हैं वे ।
सैकड़ों मरुभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे ॥
गर्भ में जल-राशि के बेड़ा चला देते हैं वे ।
जंगलों में भी महा-मंगल रचा देते हैं वे ॥

अथवा

बादल टूटे, बरसा जीवन
भीगा मरुथल, महका मधुवन
पेड़ों की छाँह हुई गहरी
इसका साथी दिन का प्रहरी,
जो मेरा साथी बन पाता
वह रूप कहीं है भरमाया ।

10. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

हे नव युवाओं ! देश भर की दृष्टि तुम पर है
लगी, हे मनुज ! जीवन की तुम्हीं में ज्योति
सबसे जगमगी ।

दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में ?
देखो कहाँ क्या हो रहा है आजकल संसार में ?

प्रश्न :

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(2) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(3) कवि के अनुसार देश भर की दृष्टि कहाँ लगी है ?

11. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

मनुष्य के लिए प्रतिभा नहीं, उद्देश्य आवश्यक है । आँख मींचकर फेंका हुआ तीर अपना लक्ष्य नहीं बेध सकता । भला उस व्यक्ति के बारे में आप क्या सोचेंगे जो गाड़ी में सवार होने के लिए स्टेशन पर पहुँचा हुआ है परन्तु उसे यह नहीं मालूम कि उसे कहाँ जाना है ? हम सब भी विश्व के रंगमंच पर आए हुए हैं । जीवन की नौका को संसार में खेने से पूर्व हमें जान लेना चाहिए कि हमें जाना कहाँ है ? अतः हम अपनी इन बंद आँखों को खोल लें, उद्देश्य बनायें और चल पड़ें । जिस नाविक ने लक्ष्य किया, उसके अनुकूल हवा कभी नहीं चलेगी ।

प्रश्न :

(1) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए ।

(2) गद्यांश का सारांश लिखिए ।

(3) आँख मींचकर फेंकना तथा आँख खोलना मुहावरों का अर्थ बताइए ।

(4) संसार, मनुष्य तथा हवा के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(5) हमें उद्देश्य कैसे बनाना चाहिए ?

12. अपने बड़े भाई के विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने जिले के जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा काल में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकरों) के बजाने पर रोक लगाने का निवेदन हो ।

13. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : 7

(1) देश की ज्वलंत समस्या कालाधन : कारण, समस्या, और निदान

(2) आतंकवाद : कारण और निदान

(3) विद्यार्थी और अनुशासन

(4) पर्यावरण प्रदूषण : कारण, समस्या, समाधान

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा लिखिए : 3

(1) राष्ट्रीय एकता

(2) जल ही जीवन है

(3) मेरी प्रिय पुस्तक

(4) मनोरंजन के साधन ।